चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक भास्कर
दिनांक 6.9.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 6-8

# अफगान के विद्यार्थियों को एचएयू में मिलेगा शिक्षा का उत्तम माहौल: प्रो. सिंह

## विवि में चल रहे अनुसंधान, शैक्षणिक व अन्य परियोजनाओं पर चर्चा की

भास्कर न्यूज़ | हिसार



एचएयू में वीसी प्रो. केपी सिंह जेसिका गैरेल्स व अन्य अधिकारियों के साथ।

मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (यूएसए) के ग्रेन रिसर्च एंड इनोवेशन की मैनेजर जेसिका गैरेल्स ने एचएयू का दौरा किया। उन्होंने कुलपति प्रो. केपी सिंह से मुलाकात की। विवि में चल रहे अनुसंधान, शैक्षणिक व अन्य परियोजनाओं पर चर्चा की। एचएयू के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा जिस प्रकार हरियाणा को कृषि उत्पादन में एक अग्रणी राज्य बनाने में इस विश्वविद्यालय ने अपना महती योगदान दिया है उसी प्रकार अफगानिस्तान भी इस विश्वविद्यालय की कृषि टेक्नॉलोजी से लाभान्वित हो सकता है क्योंकि अफगानिस्तान में ऐसे कई इलाके हैं जहां की जलवायु तथा भूमि हरियाणा के समान है। उन्होंने कहा अफगानिस्तान के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंध होने के कारण यह विश्वविद्यालय अफगानिस्तान के कृषि विकास में अपना पूर्ण सहयोग देने के लिए तत्पर है। कुलपति ने मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (एमएसयू) व अफगानिस्तानी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के लिए अफगानिस्तान कृषि मंत्रालय की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन भी दिया। विश्वविद्यालय में ग्रेन प्रोजेक्ट के तहत अफगानिस्तान के 7 एमएससी व 3 पीएचडी स्टूडेंट, एग्रोनॉमी, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, हॉर्टिकल्चर, एग्रीकल्चर इकोनॉमिक्स एंड एक्सटेंशन एजुकेशन आदि विषयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विश्वविद्यालय अफगानिस्तान में गेहूं के क्षेत्र को बढ़ाने के लिए छात्रों के अनुसंधान और शिक्षण की जरूरतों को पूरा कर रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की डीन पीजीएस डॉ. आशा क्वात्रा व डॉ. दलविंदर पाल सिंह सिंह उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........पंजाब केसरी........
दिनांक 6. 9. 2019 पृष्ठ सं. ....2.... कॉलम ....4-6....

अफगानिस्तान में गेहूं के क्षेत्र को बढ़ाने के लिए

# छात्रों के अनुसंधान की जरूरतों को पूरा कर रहा है विश्वविद्यालय : कुलपति

हिसार, 5 सितम्बर (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (यू.एस.ए.) के ग्रेन रिसर्च एंड इनोवेशन की मैनेजर जेसिका गैरेल्स ने विश्वविद्यालय का दौरा किया।



कुलपति प्रो. के.पी. सिंह जेसिका गैरेल्स व अन्य अधिकारियों के साथ।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने कहा कि अफगानिस्तान में ऐसे कई इलाके हैं जहां की जलवायु तथा भूमि हरियाणा के समान है। कुलपति ने मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (एम.एस.यू.) व अफगानिस्तानी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के लिए अफगानिस्तान कृषि मंत्रालय की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन भी दिया। प्रोजैक्ट मैनेजर, एम.एस.यू., जेसिका गैरेल्स ने विश्वविद्यालय में चल रहे अनुसंधान, शैक्षणिक व अन्य परियोजनाओं की सराहना की। विश्वविद्यालय में ग्रेन प्रोजैक्ट के अंतर्गत अफगानिस्तान के 7 एम.एस.सी. व 3 पी.एच.डी. स्टूडैंट, एग्रोनॉमी, जैनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, हॉर्टिकल्चर, एग्रीकल्चर इकोनॉमिक्स एंड एक्सटैंशन एजुकेशन आदि विषयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विश्वविद्यालय अफगानिस्तान में गेहूं के क्षेत्र को बढ़ाने के लिए छात्रों के अनुसंधान और शिक्षण की जरूरतों को पूरा कर रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की डीन पी.जी.एस. डा. आशा कवात्रा व डा. दलविंद्र पाल सिंह उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......हरि भूमि......
दिनांक 6.9.2019 पृष्ठ सं. ...12... कॉलम ...1-3...

# हकृवि तकनीक से अफगानिस्तान हो सकता लाभांवित : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (यूएसए) का ग्रेन रिसर्च एंड इनोवेशन की मैनेजर जेसिका गैरेल्स ने विश्वविद्यालय का दौरा किया। उन्होंने विवि कुलपति प्रो. केपी सिंह से मुलाकात की और विश्वविद्यालय में चल रहे अनुसंधान, शैक्षणिक व अन्य परियोजनाओं पर चर्चा की।

विवि कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा जिस प्रकार हरियाणा को कृषि उत्पादन में एक अग्रणी राज्य बनाने में इस विश्वविद्यालय ने अपना योगदान दिया है उसी प्रकार अफगानिस्तान भी इस विश्वविद्यालय की कृषि टैक्नालॉजी से लाभान्वित हो सकता है क्योंकि अफगानिस्तान में ऐसे कई इलाके हैं जहां की जलवायु तथा भूमि हरियाणा के समान है।

उन्होंने कहा अफगानिस्तान के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंध होने के कारण यह विश्वविद्यालय अफगानिस्तान के कृषि विकास में पूर्ण सहयोग देने के लिए तत्पर है। कुलपति ने मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (एमएसयू) व अफगानिस्तानी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के लिए अफगानिस्तान कृषि मंत्रालय की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन भी दिया। प्रोजेक्ट मैनेजर, एमएसयू, जेसिका गैरेल्स ने विश्वविद्यालय में चल रहे अनुसंधान, शैक्षणिक व अन्य परियोजनाओं की सराहना की। ज्ञात रहे कि विश्वविद्यालय में ग्रेन प्रोजेक्ट के अंतर्गत अफगानिस्तान के 7 एमएससी व 3 पीएचडी स्टूडेंट, एग्रोनॉमी, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, हॉर्टिकल्चर, एग्रीकल्चर इकोनॉमिक्स एंड एक्सटेंशन एजुकेशन आदि विषयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे है। विश्वविद्यालय अफगानिस्तान में गेहूं के क्षेत्र को बढ़ाने के लिए छात्रों के अनुसंधान और शिक्षण की जरूरतों को पूरा कर रहा है। इस अवसर पर विवि डीन पीजीएस डॉ. आशा कवात्रा, डॉ. दलविंदर पाल सिंह सिंह उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......अमर उजाला......
दिनांक ...6.9.2019... पृष्ठ सं. ...2... कॉलम ...6-8...

# मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी की जेसिका ने किया एचएयू का दौरा

माई सिटी रिपोर्टर

**विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह से मुलाकात की**

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (यूएसए) का ग्रेन रिसर्च ऐंड इनोवेशन की मैनेजर जेसिका गैरेल्स ने वीरवार को विश्वविद्यालय का दौरा किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह से मुलाकात की और विश्वविद्यालय में चल रहे अनुसंधान, शैक्षणिक व अन्य परियोजनाओं पर चर्चा की।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि जिस प्रकार हरियाणा को कृषि उत्पादन में एक अग्रणी राज्य बनाने में इस विश्वविद्यालय ने योगदान दिया है, उसी प्रकार अफगानिस्तान भी इस विश्वविद्यालय की कृषि तकनीक से लाभांवित हो सकता है।

अफगानिस्तान में ऐसे कई इलाके हैं जहां की जलवायु और भूमि हरियाणा के समान है। उन्होंने कहा अफगानिस्तान के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंध होने के कारण यह विश्वविद्यालय अफगानिस्तान के कृषि विकास में अपना पूर्ण सहयोग देने के लिए तत्पर है। कुलपति ने मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (एमएसयू) व अफगानिस्तानी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के लिए अफगानिस्तान कृषि मंत्रालय की महत्वकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन भी दिया। प्रोजेक्ट मैनेजर, एमएसयू, जेसिका गैरेल्स ने विश्वविद्यालय में चल रहे अनुसंधान, शैक्षणिक व अन्य परियोजनाओं की सराहना की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की डीन पीजीएस डॉ. आशा कवात्रा व डॉ. दलविंदर पाल सिंह सिंह उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........नभ छोर........
दिनांक 5.9.2019 पृष्ठ सं. ...7... कॉलम ...1-3...

# हकृवि द्वारा विकसित कृषि तकनीक से अफगानिस्तान लाभ उठाए: कुलपति



हिसार/05 सितंबर/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (यूएसए) का ग्रेन रिसर्च एंड इनोवेशन की मैनेजर जेसिका गैरेल्स ने विश्वविद्यालय का दौरा किया व कुलपति प्रो. केपी सिंह से मुलाकात कर विश्वविद्यालय में चल रहे अनुसंधान, शैक्षणिक व अन्य परियोजनाओं पर चर्चा की। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा जिस प्रकार हरियाणा को कृषि उत्पादन में एक अग्रणी राज्य बनाने में इस विश्वविद्यालय ने अपना महती योगदान दिया है उसी प्रकार अफगानिस्तान भी इस विश्वविद्यालय की कृषि तकनीक से लाभान्वित हो सकता है क्योंकि अफगानिस्तान में ऐसे कई इलाके हैं जहां की जलवायु तथा भूमि हरियाणा के समान है। उन्होंने कहा अफगानिस्तान के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंध होने के कारण यह विश्वविद्यालय अफगानिस्तान के कृषि विकास में अपना पूर्ण सहयोग देने के लिए तत्पर हैं। कुलपति ने मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (एमएसयू) व अफगानिस्तानी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के लिए अफगानिस्तान कृषि मंत्रालय की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन भी दिया। ज्ञात रहे कि यह विश्वविद्यालय कृषि में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले अफगानिस्तानी विद्यार्थियों की पहली पसंद बनती जा रही है। विश्वविद्यालय में ग्रेन प्रोजेक्ट के अंतर्गत अफगानिस्तान के 7 एमएससी व 3 पीएचडी स्टूडेंट, एग्रोनॉमी, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, हॉर्टिकल्चर, एग्रीकल्चर इकोनॉमिक्स एंड एक्सटेंशन एजुकेशन आदि विषयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की डीन पीजीएस डॉ. आशा कवात्रा व डॉ. दलविंदर पाल सिंह उपस्थित थे।

समाचार-पत्र का नाम ........ नित्य शक्ति टाईम्स
दिनांक 5.9.2019 पृष्ठ सं. 8 कॉलम 6-8

# मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी की मेनेजर ने की कुलपति केपी सिंह से मुलाकात

हिसार, 5 सितम्बर (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (यूएसए) का ग्रेन रिसर्च एंड इनोवेशन की मेनेजर सुश्री जेसिका गैरेल्स ने विश्वविद्यालय का दौरा किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह से मुलाकात की व विश्वविद्यालय में चल रहे अनुसंधान, शैक्षणिक व अन्य परियोजनाओं पर चर्चा की।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने कहा जिस प्रकार हरियाणा को कृषि उत्पादन में एक अग्रणी राज्य बनाने में इस विश्वविद्यालय ने अपना महती योगदान दिया है उसी प्रकार अफगानीस्तान भी इस विश्वविद्यालय की कृषि तकनालोजी से लाभान्वित हो सकता है क्योंकि अफगानीस्तान में ऐसे कई इलाके हैं जहां की जलवायु तथा भूमि हरियाणा के समान है। उन्होंने कहा अफगानीस्तान के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंध होने के कारण यह विश्वविद्यालय अफगानीस्तान के कृषि विकास में अपना पूर्ण सहयोग देने के लिए तत्पर है। कुलपति ने मिशिगन स्टेट

## विश्वविद्यालय में चल रहे अनुसंधान, शैक्षणिक व अन्य परियोजनाओं पर चर्चा

यूनिवर्सिटी (एमएसयू) व अफगानिस्तानी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के लिए अफगानिस्तान कृषि मंत्रालय की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन भी दिया।

प्रोजेक्ट मैनेजर, एमएसयू, जेसिका गैरेल्स ने विश्वविद्यालय में चल रहे अनुसंधान, शैक्षणिक व अन्य परियोजनाओं की सराहना की। ज्ञात रहे कि यह विश्वविद्यालय कृषि में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले अफगानीस्तानी विद्यार्थियों की पहली पसंद बनती जा रही है। विश्वविद्यालय में ग्रेन प्रोजेक्ट के अंतर्गत अफगानिस्तान के 7 एमएससी व 3 पीएचडी स्टूडेंट, एग्रोनॉमी, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, हॉर्टिकल्चर, एग्रीकल्चर इकोनॉमिक्स एंड एक्सटेंशन एजुकेशन आदि विषयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विश्वविद्यालय अफगानिस्तान में गेहूं के क्षेत्र को बढ़ाने के लिए छात्रों के अनुसंधान और शिक्षण की जरूरतों को पूरा कर रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की डीन पीजीएस डॉ. आशा कवात्रा व डॉ. दलविंदर पाल सिंह सिंह उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........सिटी पल्स........

दिनांक ...5.9.2019... पृष्ठ सं. ....3..... कॉलम ...1-4.....

# मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी की ग्रेन रिसर्च एंड इनोवेशन मैनेजर जेसिका गैरेल्स ने किया एचएयू का दौरा

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (यूएसए) का ग्रेन रिसर्च एंड इनोवेशन की मैनेजर जेसिका गैरेल्स ने विश्वविद्यालय का दौरा किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह से मुलाकात की व विश्वविद्यालय में चल रहे अनुसंधान, शैक्षणिक व अन्य परियोजनाओं पर चर्चा की।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा जिस प्रकार हरियाणा को कृषि उत्पादन में एक अग्रणी राज्य बनाने में इस विश्वविद्यालय ने अपना महती योगदान दिया है उसी प्रकार अफगानिस्तान भी इस विश्वविद्यालय की कृषि टैक्नोलॉजी से लाभान्वित हो सकता है क्योंकि अफगानिस्तान में ऐसे कई इलाके हैं जहां की जलवायु तथा भूमि हरियाणा के समान है। उन्होंने कहा अफगानिस्तान के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंध होने के कारण यह विश्वविद्यालय अफगानिस्तान के कृषि विकास में अपना पूर्ण सहयोग देने के लिए तत्पर है।



हिसार। कुलपति प्रो. केपी सिंह जेसिका गैरेल्स व अन्य अधिकारियों के साथ।

प्रोजैक्ट मैनेजर, एमएसयू, जेसिका गैरेल्स ने विश्वविद्यालय में चल रहे अनुसंधान, शैक्षणिक व अन्य परियोजनाओं की सराहना की। विश्वविद्यालय में ग्रेन प्रोजेक्ट के अंतर्गत अफगानिस्तान के 7 एमएससी व 3 पीएचडी स्टूडेंट, एग्रोनॉमी, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, हॉर्टिकल्चर, एग्रीकल्चर इकोनॉमिक्स एंड एक्सटेंशन एजुकेशन आदि विषयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की डीन पीजीएस डॉ. आशा कवात्रा व डॉ. दलविंदर पाल सिंह सिंह उपस्थित थे।